हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, गुरुवार 25 जनवरी 2024

[ बालोद | अर्जुंदा | गुंडरदेही | देवरी बंगला | डौंडीलोहारा | डौंडी | अंडा | गुरूर | दल्लीराजहरा | कलंगपुर | लाटाबोड़ ]

तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

12 संबलपुर में निकाली गई भव्य शोभायात्रा



10 तीन माह से ज्यादा लंबित न हो कोई भी प्रकरण








## गणतंत्र दिवस परेड के लिए किया अंतिम रिहर्सल...

**बालोद।** जिला मुख्यालय बालोद स्थित सरयु प्रसाद अग्रवाल स्टेडियम में राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस समारोह का सफल एवं गरिमामय आयोजन सुनिश्चित करने के लिए अंतिम अभ्यास किया गया। कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चंद्रवाल और पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र कुमार यादव के मार्गदर्शन में समारोह का अंतिम अभ्यास हुआ। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद थे।

### खबर संक्षेप

## बालोद पुलिस के हत्थे चढ़े तीन तस्कर, 1300 ग्राम गांजा जब्त



**बालोद।** पुलिस ने गांजा की तस्करी करते तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। राजनांदगांव, डौण्डीलोहारा के तीनों तस्करों से 1.300 किलोग्राम गांजा व प्रयुक्त वाहन को जब्त किया गया। आरोपियों के कब्जे से जब्त गांजा की कीमत 13,000 रुपये बताई गई है। थाना बालोद में सहायक उप निरीक्षक धरम भुआर्य को मुखबीर से सूचना मिली कि ग्राम तरौद के पास 03 व्यक्ति अपने मोटर सायकल की डिक्की में गांजा जैसी वस्तु को छुपा कर रखे हैं और बेचने के लिए ग्राहक तलाश कर रहे हैं। सूचना पर बालोद पुलिस ने तत्काल मौके पर जाकर घेराबंदी कर गांजा तस्करों को धर दबोचा। इस दौरान राजनांदगांव निवासी चेविल कुमार माझी 23 वर्ष, सन्नी कांत सोनी 22 वर्ष, ग्राम संबलपुर डौण्डीलोहरा निवासी टिकेश कुमार भरतद्वाज 26 वर्ष के पास से मोटर सायकल के डिक्की से पारदर्शी झिल्ली में कुल 1.300 किलो ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा बरामद कर जब्त किया गया। मामले में धारा 20 बी नारकोटिक्स एक्ट की कार्रवाई कर आरोपियों को न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेजा गया है।

## पेंवरो में मड़ई आज

**गुरूर।** ग्राम पेंवरो में 25 जनवरी को मड़ई मेले का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर रात्रि में छत्तीसगढ़ी लोक कला नाचा पार्टी मया के संदेश कार्यक्रम की प्रस्तुति होगी।

## तीन कोचिए गिरफ्तार 141 पौवा शराब जब्त



**बालोद।** आबकारी विभाग ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पास से 141 पौवा शराब जब्त की है। जिला आबकारी अधिकारी राजेश कुमार शर्मा ने बताया कि शराब कोचियों के विरूद्ध कार्रवाई करते हुए 22 जनवरी को थाना गुण्डरदेही क्षेत्र के अंतर्गत आरोपी भावसिंह, उम्र 38 वर्ष, साकिन रेलवे फाटक चौनगंज वार्ड क्रमांक 14 गुण्डरदेही के पास से 109 नग पाव देशी मदिरा प्लेन शराब कुल 19.62 लीटर जब्त कर छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1), 34(2) एवं 59 (क) के तहत एक प्रकरण कायम कर एक आरोपी को जेल निरुध्द किया गया है। इसके साथ ही 22 जनवरी को थाना सुरेगांव अंतर्गत आरोपी हेमराज देशमुख उम्र 26 वर्ष, साकिन मुढ़िया के पास से 22 नग पाव देशी मदिरा प्लेन शराब कुल 3.96 लीटर तथा थाना गुरुर अंतर्गत आरोपी सतीश कुमार, उम्र 35 वर्ष, साकिन–बोडरा के पास से 10 नग पाव देशी मदिरा प्लेन शराब कुल 1.8 लीटर पाव विक्रय करते हुए पाये जाने पर प्रकरण कायम किया गया है।

**मौसम :** मौसम एक बार फिर बदलने से लोग ले रहे अलाव का सहारा

# बारिश से तापमान गिरा, ठंड बढ़ी, ग्रामीण अंचलों में बिजली बंद हो जाने से परेशान होते रहे ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले में बुधवार रात बारिश होने के कारण जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया। वहीं, ठंड भी बढ़ गई है। इसके कारण लोग ठंड से बचने के लिए अलाव का सहारा लेने को मजबूर नजर आ रहे हैं। बादल के कारण सूरज चांद के समान नजर आ रहा था।

बीते कुछ दिनों से मौसम ने करवट बदली है, जिसका असर घने कोहरे और बारिश के साथ भारी ठंड के रूप में देखने को मिल रहा है, जिसके कारण लोगों का घरों से निकलना मुश्किल हो गया है, क्योंकि घर से बाहर निकलते ही ठंड भरी हवाओं का सामना लोगों को करना पड़ रहा है। वहीं, अधिकांश लोग गरम कपड़ों के साथ ही बाहर निकल पा रहे हैं। बीते मंगलवार की मध्य रात्रि के बाद अचानक बारिश होने से ग्रामीण अंचलों में कई घंटों बिजली बंद रही, जिसके कारण लोगों को कई तरह की



समस्याओं का सामना करना पड़ा। जिले में बुधवार रात अच्छी बारिश हुई। मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार बालोद में 3 मिली मीटर बारिश हुई। इसी तरह गुरूर में 3.3 मिली मीटर, गुण्डरदेही में 3.4 मिली मीटर, डौण्डी में 4.1 मिली मीटर, डौण्डीलोहारा में 1.8 मिली मीटर, अर्जुन्दा मे 3.4 मिलीमीटर, तथा मार्री बंगला देवरी में 3.1 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई।



## बारिश के कारण धान खरीदी बाधित

**बालोद।** जिले में मंगलवार और बुधवार की दरमियानि रात बारिश होने से जिले के 108 धान खरीदी केंद्रों में खरीदी कार्य बंद रहा। हालांकि जिन क्षेत्रों में बारिश का प्रभाव कम था, जिले के उन 35 केंद्रों में धान की खरीदी हुई। धान खरीदी समय बढ़ाने की मांग उठने लगी है। बारिश की वजह से सैंकड़ों किसान धान नहीं बेच पाए। अब किसानों को 4 दिनों का लंबा इंतजार करना पड़ेगा और आगामी सोमवार को किसान धान बेच पाएंगे। इधर लगातार मौसम खराब होने के कारण किसानों को काफी नुकसान उठाना पड़ रहा है, तो वहीं धान खरीदी केंद्रों के जिम्मेदार अधिकारी कर्मचारी खुले आसमान के नीचे रखे लाखों क्विंटल धान को बारिश के पानी से भीगने से बचाने कड़ी मशक्कत कर रहे हैं। जिले में धान का परिवहन सुस्त गति से चलने के कारण 25 लाख क्विंटल से अधिक धान केंद्रों में जाम पड़ा है, ऐसे उस धान को सुरक्षित रखना प्रबंधकों के लिए बड़ी चुनौती है, क्योंकि मौसम में नमी है, इसके साथ ही कभी भी बारिश हो सकती है।

## जिम्मेदारों की लापरवाही और बेमौसम बारिश ने बिगाड़ी यातायात व्यवस्था



**कुसुमकसा।** राष्ट्रीय राज मार्ग 930 के तहत सड़क चौड़ीकरण व उन्नयन कार्य के दौरान निर्माण एजेंसी द्वारा जा रही लापरवाही व राष्ट्रीय राज मार्ग 930 के अधिकारियों की उदासीनता का खामियाजा आमजन को भुगतना पड़ रहा है। बेमौसम हुई बारिश ने सड़क निर्माण में डाली गई मिट्टी से कीचड़ होने के कारण बड़ी दुर्घटना होते-होते बची। दुर्ग से कुसुमकसा होकर कांकेर जा रही एक्सप्रेस यात्री बस सड़क से नीचे उतरने के कारण मिट्टी में धंसने से दुर्घटना होने से बची। वहीं, चार पहिया वाहन भी सड़क से नीचे उतरकर पलट गया। दोनों वाहनों को क्रेन के सहारे बाहर निकाला गया तो। वहीं, दोपहिया वाहन सवार सड़क में कीचड़ युक्त मिट्टी होने से स्लीप होकर घायल रहे हैं। वहीं, करियाटोला गांव आने जाने वालों को भी सड़क में कीचड़ हो जाने से काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इसके अलावा उन्हें लगभग तीन-चार किलोमीटर ▶▶| शेष पेज 10 पर

- सड़क पर कीचड़ के कारण बढ़ी दुर्घटना की आशंका

# एटीएम में तोड़फोड़, गिरोह का भंडाफोड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

दो अलग-अलग एटीएम मशीन में चोरी की नीयत से तोड़फोड़ की घटना को अंजाम देने वाले गिरोह को पुलिस ने पकड़ने में सफलता

- दो अलग–अलग मामलों में पुलिस को मिली सफलता



प्राप्त की है। जिले के अर्जुन्दा थाना क्षेत्र अंतर्गत दाऊ पारा में स्थित एसबीआई एटीएम मशीन व ग्राम कुरदी के जिला सहकारी बैंक के एटीएम मशीन को आरोपियों द्वारा तोड़फोड़ कर रूपये चुराने का प्रयास किया गया था। इस गिरोह के मुख्य आरोपी ने जमशेदपुर झारखण्ड से आकर अपने 3 साथियों के साथ मिलकर घटना को अंजाम दिया था। मुख्य आरोपी द्वारा झारखण्ड में इस प्रकार की कई घटनाओं को अंजाम दिया जाना बतया गया है। पुलिस सैकड़ों सीसीटीवी फुटेज खंगालने के बाद आरोपियों का सुराग ढूंढ पाए। थाना अर्जुन्दा क्षेत्र में हुए एसबीआई एमटीएम मशीन तोड़फोड़ व ग्राम कुरदी में हुए जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के एमटीएम मशीन में हुए तोड़फोड के अज्ञात आरोपियों के पतासाजी के लिए थाना अर्जुन्दा एवं सायबर सेल टीम को निर्देशित किया गया था। आपको बता दें कि बीते दिनों जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के एमटीएम मशीन को अज्ञात आरोपियों द्वारा तोड़फोड़ कर मशीन में रखे ▶▶| शेष पेज 10 पर

# नई दिल्ली के गणतंत्र दिवस समारोह में शामिल होंगे दुर्गेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छेड़िया के कक्षा दसवीं के छात्र दुर्गेश कुमार 26 जनवरी में कर्तव्य पथ नई दिल्ली में आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह में शामिल होंगे। इसके लिए वे नई दिल्ली रवाना हुए।

भारत सरकार के जनजाति कार्य मंत्रालय द्वारा बालोद जिला से एकमात्र छात्र दुर्गेश कुमार का चयन हुआ है। संपूर्ण छत्तीसगढ़ से 30 बच्चों का चयन हुआ है। दुर्गेश स्काउट में भी राज्यपाल पुरस्कृत हैं। इस स्वर्णिम उपलब्धि के लिए



जिला शिक्षा अधिकारी बालोद केपी मुकुल साव, विकासखंड शिक्षा अधिकारी ललित कुमार चंद्राकर, प्राचार्य केडी पुराईन, मार्गदर्शक शिक्षक एवं स्काउट मास्टर पूर्णोत्तम साहू, ▶▶| शेष पेज 10 पर

## सरकारी भवन की खरीदी, जल्द होगी मामले की जांच

**बालोद।** ग्राम सांकरा क के ग्रामीणों द्वारा लगभग तीन महीने पूर्व एडिओ क्वाटर की अवैध बिक्री के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर जनदर्शन के माध्यम से कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया था। इसकी जाँच अब प्रशासन द्वारा की जा रही है। ग्रामीणों का आरोप था कि ग्राम पंचायत द्वारा बाहरी व्यक्ति गैंदलाल साहू को अवैध तरीके से लगभग 2 लाख 60 हजार में सरकारी भवन को बेचा गया है। जिसकी जानकारी ग्रामीणों को पूछताछ कर लगने पर मामले की शिकायत सीधे कलेक्टर से की गई थी। वहीं, अब इस मामले में जनपद पंचायत बालोद द्वारा नोटिस जारी कर ग्रामीणों से बयान लिया जा रहा है। इससे ग्रामीणों को उम्मीद है कि बहुत जल्द इस मामले में जांच और दोषियों पर कार्रवाई की जाएगी।

## पाठक सूचना

बालोद जिले में **हरिभूमि** समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9425559113, 9425565082
दल्लीराजहरा - 9993246100

## अधिकारी-कर्मचारियों के अवकाश पर लगा प्रतिबंध

**बालोद।** छत्तीसगढ़ षष्टम विधानसभा का द्वितीय सत्र 05 फरवरी से 01 मार्च 2024 तक बुलाया गया है। इसके अंतर्गत विधान सभा द्वितीय सत्र के दौरान अधिकारी–कर्मचारियों के अवकाश पर प्रतिबंध रहेगा। अपर कलेक्टर ने सर्व विभाग प्रमुख, सर्व अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, तहसीलदार एवं जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को पत्र जारी कर निर्देशित किया है कि विधानसभा के द्वितीय सत्र के दौरान वांछित जानकारी शासन को यथा शीघ्र समयावधि में भेजने के लिए अधिकारी–कर्मचारियों को मुख्यालय में उपस्थित रहना आवश्यक है। उन्होंने बताया कि विधान सभा द्वितीय सत्र 2024 के दौरान कलेक्टर के बिना पूर्व अनुमति के अवकाश पर प्रस्थान नहीं करेंगे और न ही मुख्यालय से बाहर रहेंगे। इसके साथ ही कार्यालय में एक नोडल अधिकारी की नियुक्ति करते हुए उनके नाम, पदनाम, दूरभाष एवं मोबाईल नंबर की जानकारी इस कार्यालय को तत्काल उपलब्ध कराना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।



## खबर संक्षेप



### लोकसभा चुनाव के लिए रहें तैयार

**कुसुमकसा।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी छत्तीसगढ़ के उपाध्यक्ष बीरेश ठाकुर ने कुसुमकसा में कांग्रेस कार्यकर्ताओं को आगामी लोकसभा चुनाव के लिए तैयारी करने का निर्देश दिया है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि बूथ, सेक्टर, जोन व ब्लॉक स्तर पर कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता जिस तरह से मेहनत कर विधानसभा में विजय दिलाए हैं वैसे ही मेहनत आगामी लोकसभा में करना है। मिथलेश निरोटी उपाध्यक्ष जिला पंचायत बालोद ने उपस्थित कार्यकर्ताओं से आगामी लोकसभा चुनाव में जनघोषणा पत्र को घर-घर तक पहुंचाने की बात कही। इस अवसर पर कन्हैयालाल भौसार्य, धरम पिस्दा, तिहारसिंह तारम, अनिल सुथार पूर्व जनपद सदस्य, नितिन जैन, कोमल धुर्वे, विमलकुमार सरपंच ग्राम पंचायत पथराटोला, तुलसी मरकाम सरपंच ग्राम पंचायत कारुटोला, शमशेर खान, यशवंत बोरकर, अनिल मिश्रा, चम्पालाल सागर, हकीम खान, नईम कुरैशी, नदीम खान सहित युवा, महिला कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे

### पंजीयन के लिए जिला रोजगार कार्यालय जाने की बाध्यता खत्म

**बालोद।** राज्य के शिक्षित बेरोजगार अब अपना पंजीयन एवं नवीनीकरण कराने के लिए जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र में जाने के लिए बाध्य नहीं होंगे। राज्य शासन की नई व्यवस्था के तहत अब राज्य के शिक्षित बेरोजगार ई रोजगार डॉट सीजी डॉट जीओवी डॉट इन वेबसाईट पर जाकर अपना नवीनीकरण पंजीयन करा सकते हैं। उप संचालक जिला रोजगार एवं स्वरोजगर मागदर्शन बालोद ने बताया कि ई रोजगार डॉट सीजी डॉट जीओवी डॉट इन वेबसाईट के माध्यम से पंजीयन कराने के पश्चात पहचान पत्र (एक्स–10) निकलेगा। उस पर किसी अधिकारी का हस्ताक्षर होना अनिवार्य नहीं है।

### राशन कार्डों का नवीनीकरण आज से

**बालोद।** खाद्य नागरिक एवं आपूर्ति विभाग छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार जिले में सार्वजनिक वितरण प्रणाली अंतर्गत राज्य में प्रचलित राशनकार्डों का नवीनीकरण किया जाएगा। इसके अंतर्गत राशनकार्ड के नवीनीकरण के लिए हितग्राहियों से आवेदन प्राप्त करने एवं हितग्राहियों को राशनकार्ड वितरण की तिथि 25 जनवरी से 29 फरवरी 2024 तक निर्धारित की गई है। कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने आदेश जारी कर उचित मूल्य दुकान स्तर पर राशनकार्ड नवीनीकरण हेतु आवेदन प्रस्तुत करने वाले हितग्राहियों की सहायता के लिए प्रत्येक दुकान स्तर हेतु नोडल अधिकारी की नियुक्ति की है। जिनके द्वारा संचालनालय खाद्य से प्रदाय प्रारूप में राशनकार्ड नवीनीकरण हेतु आवेदन भरने, आवेदन जमा करने, प्राधिकृत अधिकारी से जारी कराने एवं राशनकार्ड वितरण कराया जाएगा। जारी आदेश के अनुसार जिले के सभी नगरीय निकायों के लिए उचित मूल्य की दुकान स्तर पर राजस्व निरीक्षक व सहायक राजस्व निरीक्षक को नोडल अधिकारी तथा उचित मूल्य की दुकान के विक्रेता को सहायक नोडल अधिकारी बनाया गया है।

## निधन

### नैम बाई साहू



**गुरुर।** नैम बाई साहू 85 वर्ष का बुधवार को निधन हो गया। वे जनपद पंचायत गुरुर के लेखापाल ऐनू राम साहू की माताजी थीं। स्थानीय मुक्तिधाम में उनका अंतिम संस्कार किया गया।

## बैठक : समय-सीमा बैठक में कलेक्टर ने विभागीय अधिकारियों को दिए निर्देश

# तीन माह से ज्यादा लंबित न हो कोई भी प्रकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में साप्ताहिक समय–सीमा की बैठक में विभागवार लंबित प्रकरणों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में उन्होंने जिले के सभी विभाग एवं कार्यालय प्रमुखों को लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि किसी भी स्थिति में कोई भी प्रकरण 03 माह से अधिक की अवधि तक लंबित नहीं होनी चाहिए। इस दौरान उन्होंने जिले के विद्यार्थियों की सुविधा की दृष्टि से शिक्षा विभाग द्वारा तैयार की गई कक्षा दसवीं एवं बारहवीं के प्रश्न पत्र का भी विमोचन किया। इस दौरान कलेक्टर चंद्रवाल ने विभागवार लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए उसके निराकरण हेतु की जा रही कार्रवाई के संबंध में जानकारी ली। चंद्रवाल ने दैनिक जनदर्शन कार्यक्रम में प्राप्त पत्रों की निराकरण की स्थिति की भी समीक्षा की। उन्होंने जनदर्शन में प्राप्त आवेदन पत्रों का निर्धारित समयावधि में निराकरण कर आवेदकों को इसकी जानकारी भी देने को कहा। उन्होंने कहा कि प्रत्येक सप्ताह जनदर्शन में प्राप्त आवेदन पत्रों के निराकरण के लिए की जा रही कार्रवाई की समीक्षा की जाएगी। उन्होंने जनदर्शन कार्यक्रम के अलग–अलग दिवस के लिए नियुक्त किए गए प्रभारी अधिकारियों से प्रतिदिन जनदर्शन कार्यक्रम में प्राप्त आवेदन पत्रों के निराकरण के लिए की गई कार्रवाई के संबंध में जानकारी ली। बैठक में चंद्रवाल ने जिले के डौण्डी विकासखण्ड के ग्राम सुकड़ीगुहान में निवासरत विशेष पिछड़ी कमार जनजाति के कुल 69 परिवारों को शासन के विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ शतप्रतिशत सुनिश्चित कराने हेतु किए जा रहे कार्यों के संबंध में संबंधित विभाग के अधिकारियों से जानकारी ली। उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों से सुकड़ीगुहान के कमार जनजाति के लोगों को आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, राशन कार्ड आदि बनाने के कार्य की भी समीक्षा की।



### जाति प्रमाण पत्र बनाने सुकड़ीगुहान में लगेगा शिविर

कलेक्टर ने एसडीएम डौण्डी सुरेश साहू को कमार जनजाति के लोगों का जाति प्रमाण पत्र बनाने हेतु ग्राम सुकड़ीगुहान में शिविर लगाने के निर्देश भी दिए। चंद्रवाल ने अधिकारियों को सुकड़ीगुहान में निवासरत कमार जनजाति के लोगों के पास उनके जाति प्रमाण पत्र बनाने के लिए आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध नहीं होने पर उनके पूर्व के निवास स्थान में जाकर आवश्यक दस्तावेज एवं जानकारी एकत्र करने को कहा। इसके लिए उन्होंने सहायक आयुक्त आदिवासी विकास को उनके पूर्व के निवास स्थान में तत्काल टीम भेजकर आवश्यक जानकारी एकत्र कराने के निर्देश दिए। चन्द्रवाल ने कमार जनजाति के लोगों द्वारा खेती की जा रही वनभूमि का व्यक्तिगत वनाधिकार पत्र जारी करने में जाति प्रमाण पत्र के अभाव में कठिनाई होने की स्थिति में उनका सामुदायिक वनाधिकार पत्र तत्काल बनाने के निर्देश भी दिए। बैठक में कलेक्टर चन्द्रवाल के निर्देशानुसार जिला शिक्षा अधिकारी के द्वारा विभागीय योजनाओं को हासिल करने के लिए निर्धारित किए गए लक्ष्य एवं उनके उपलब्धि के संबंध में पावर पाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से जानकारी दी गई।

## मानसिक दिव्यांग बच्चों के आश्रय गृह घरौंदा का कलेक्टर ने किया निरीक्षण

**बालोद।** कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने गंगा नगर झलमला में स्थित समाज कल्याण विभाग के उप संचालक कार्यालय, जिला निःशक्त पुनर्वास केंद्र एवं घोटिया चौक झलमला में स्थित मानसिक रूप से दिव्यांग बच्चों का आश्रय गृह घरौंदा का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

कलेक्टर चन्द्रवाल ने समाज कल्याण विभाग के परिसर में स्थित जिला निःशक्त पुनर्वास केंद्र में पहुँचकर कृत्रिम अंग निर्माण कक्ष, फिजियोथेरेपी कक्ष, स्पीच थेरेपी कक्ष एवं साइकोलॉजी थेरेपी कक्ष में पहुँचकर व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। उन्होंने मौके पर उपस्थित चिकित्सकों एवं अधिकारियों से जिला निःशक्त पुनर्वास केंद्र में ईलाज हेत आने वाले दिव्यांगों के ईलाज आदि की व्यवस्था एवं उन्हें दी जाने वाली सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली। इसके अलावा उन्होंने जिला निःशक्त पुनर्वास केंद्र में पदस्थ



चिकित्सकों एवं स्टाफ के संबंध में भी जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने कृत्रिम अंग निर्माण कक्ष में पहुँचकर कृत्रिम अंग बनाने की प्रक्रिया का भी अवलोकन किया। कलेक्टर चन्द्रवाल ने घोटिया चौक झलमला में स्थित मानसिक रूप से दिव्यांग व्यक्तियों का आजीवन आश्रय गृह घरौंदा में पहुँचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने घरौंदा में वर्तमान में कुल उपस्थित दिव्यांगों के संख्या के संबंध में जानकारी ली। अधिकारियों ने वर्तमान में घरौंदा में कुल 15 दिव्यांगों के निवासरत होने की जानकारी दी। इस दौरान कलेक्टर ने घरौंदा के पूजा कक्ष, शयनकक्ष, रसोई कक्ष आदि का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी ली।



## दिव्यांग देवराम व कुलदीप के लिए बड़ा सहारा बना जनदर्शन

**बालोद।** संयुक्त जिला कार्यालय के जनदर्शन कक्ष में आयोजित कलेक्टर जनदर्शन कार्यक्रम जिले के गुरूर विकासखण्ड के ग्राम पेरपार के दिव्यांग पैरा एथलेटिक्स खिलाड़ी देवराम पटेल एवं ग्राम कलंगपुर के दिव्यांग युवक कुलदीप साहू के लिए सौगातों भरा साबित हुआ।

कलेक्टर चन्द्रवाल ने जनदर्शन में पहुँचे दिव्यांग पैरा एथलेटिक्स खिलाड़ी देवराम पटेल को प्रोत्साहन राशि प्रदान करने तथा दिव्यांग कुलदीप साहू को चलने–फिरने में हो परेशानियों को देखते हुए वाकर प्रदान किया। चन्द्रवाल ने दिव्यांग पैरा एथलेटिक्स खिलाड़ी देवराम पटेल को राजधानी रायपुर में आयोजित राज्य स्तरीय दिव्यांग पैरा एथलेटिक्स के अंतर्गत आयोजित गोला फेंक, तवा फेंक एवं भाला फेंक प्रतियोगिता में हासिल किए गए गोल्ड मेडल को उन्हें पहनाकर सम्मानित किया। उल्लेखनीय है कि वर्तमान में देवराम पटेल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पलारी में भृत्य के पद पर कार्यरत है। चन्द्रवाल ने दिव्यांग देवराम को प्रोत्साहन राशि प्रदान करने के लिए आवश्यक कार्यवाही के निर्देश अधिकारियों को दिए। इसी तरह जनदर्शन में दुर्घटना में पैर फ्रेक्चर होने के कारण चलने–फिरने में हो रहे कठिनाई के कारण वाकर प्रदान करने की मांग लेकर पहुँचे दिव्यांग कुलदीप साहू को जिला पंचायत सीईओ डॉ. रेणुका श्रीवास्तव द्वारा दिव्यांग युवक कुलदीप साहू को जनदर्शन कक्ष में ही वॉकर प्रदान किया गया।

- कलेक्टर ने दिए प्रोत्साहन राशि व वाकर प्रदान करने के निर्देश

### अपनी-अपनी समस्या लेकर पहुंचे नागरिक

जनदर्शन में सिंघोला निवासी गणेश राम साहू ने प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने, ग्राम सांगली निवासी मोहन लाल साहू ने वृद्धावस्था पेंशन का लाभ दिलाने, जगतरा निवासी संचित बाई ने शौचालय निर्माण हेतु राशि दिलाने के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया। जनदर्शन में जिले के विभिन्न स्थानों से बड़ी संख्या में आवेदक अपने मांगों एवं समस्याओं के निराकरण हेतु कलेक्टर चन्द्रवाल से मुलाकात करने पहुंचे थे। कलेक्टर ने उन सब से बारी–बारी से मुलाकात कर उनके मांगों एवं समस्याओं के संबंध में जानकारी ली।

## मातृ-शिशु अस्पताल में पानी के लिए जद्दोजहद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिला मुख्यालय में स्थित मातृ शिशु अस्पताल में पहुंचने वाले मरीजों व उनके परिजनों को पेयजल की समस्या से जूझना पड़ रहा है। यहां पानी को गर्म तथा ठंडा करने वाली मशीन लगी हुई है, लेकिन अस्पताल के अंदर तक लोगों को आसानी से पेयजल उपलब्ध हो सके ऐसी कोई व्यवस्था नहीं बन पा रही है। ऐसे में यहां के कर्मचारियों द्वारा अस्पताल के बाहर लगे मोटरबोर से पानी भरकर उसे व्हीलचेयर के माध्यम से अस्पताल तक ले जाया जा रहा है, जहां उस पानी का उपयोग मरीज व उनके परिजन करेंगे।

- कर्मचारियों को बाहर से लाना पड़ता है पानी



ज्ञात हो कि करीब सप्ताह भर पहले ही नए कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल इस अस्पताल के निरीक्षण करने पहुंचे थे। ऐसे में मरीजों व परिजनों के लिए पेयजल उपलब्धता को लेकर स्वास्थ्य विभाग के आलाधिकारियों ने कलेक्टर को क्या जानकारी दी, क्या नहीं, यह तो वे ही जानें, लेकिन यह तस्वीर मंगलवार की है, जहां एक महिला कर्मचारी भारी भरकम पानी के बॉटल को नहीं उठा पाने के कारण व्हीलचेयर से इसे अस्पताल के भीतर पहुंचा रही है। इस अस्पताल में रोजाना लगभग 100 मरीज विभिन्न तरह की जांच कराने पहुंचते हैं, जबकि प्रसव के लिए हमेशा दर्जनभर महिलाएं और उनके परिजन भी यहां रुके रहते हैं। ऐसे में पीने के लिए पानी उपलब्ध कराने यहां के कर्मचारियों को बाहर से ही पानी लाना पड़ रहा है।

## अबुझमाड़ मलखंभ के सदस्य गुंडरदेही में दिखाएंगे करतब

**गुण्डरदेही।** इंडिया गॉट टैलेंट के विजेता अबूझमाड़ मलखंभ एंड स्पोर्ट्स एकेडमी के छात्र गणतंत्र दिवस पर बस स्टैंड गुण्डरदेही में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। गुण्डरदेही नगर में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी कौमी एकता मंच द्वारा गणतंत्र दिवस के राष्ट्रीय पर्व पर एक शाम शहीदों के नाम कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसमें क्षेत्र के शहीद परिवारों का सम्मान किया जाता है व सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया जाता है। इस वर्ष कौमी एकता मंच ने सोनी टीवी के फेमस शो इंडिया गॉट टैलेंट सीजन टेन के विजेता अबूझमाड़ मलखम्ब एंड स्पोर्ट्स एकेडमी नारायणपुर के प्रतिभावान बच्चों को आमंत्रित किया है, जो 26 जनवरी की शाम बस स्टैंड गुण्डरदेही में अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन करेंगे। कौमी एकता मंच के मुबारक अली, समीर खान, विनय गुप्ता, पंकज गुप्ता, रमेश मार्कण्डेय कार्यक्रम की तैयारी में जुटे हुए हैं।



## स्टाफ की मनमानी से फागुन्दाह स्वास्थ्य केन्द्र में बदहाली का आलम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

स्वास्थ्य विभाग में कुछ कर्मचारियों की मनमानी से ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवा प्रभावित हो रही है। कर्मचारियों के समय पर केंद्र नहीं पहुंचने के कारण मरीजों को स्वास्थ्य परीक्षण एवं दवाई के लिए भटकना पड़ता है।

मामला उप स्वास्थ्य केंद्र फागुन्दाह का है, यहां तीन स्वास्थ्य कर्मी पदस्थ हैं। बुधवार को निकिता देवांगन नहीं थीं। दो अन्य कर्मियों अनिरूद्ध साहू व खिलेश्वरी साहू ने बताया कि निकिता ने अवकाश के दिन कार्य किया था इसलिए आज डेहाफ ली है। स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ तीन कर्मियों में मात्र लिखेश्वरी साहू ही मुख्यालय में रहती हैं। शेष दोनों कर्मी मुख्यालय में नहीं रहते हैं, जिससे ओपीडी के बाद आपात स्थिति में सारा दारोमदार उन पर आ जाता है। उधर, ग्रामीणों ने शिकायत की है कि अस्पताल में प्रातः 10 से शाम 5 बजे तक स्वास्थ्य सुविधाएं मिलनी चाहिए, लेकिन दोपहर 2 बजे के बाद यह नहीं मिलता। समय पर ब्लड प्रेशर, शुगर की जांच नहीं होती, दवाई के लिए भी भटकना पड़ता है। अनिरुद्ध साहू ने कहा सभी को पता है कि मैं मुख्यालय में नहीं रहता, मुजगहन से आता हूं। 9 किलोमीटर के दायरे में रहने का मुझे अधिकार है। निकिता देवांगन ने सोमवार 22 जनवरी को शासकीय अवकाश के दिन कार्य की किया था, इसलिए आज डेहाफ लिया है।

### नहीं मिला आवेदन

22 जनवरी सोमवार को आधे दिन का अवकाश था, हमने सभी को सूचित कर दिया था। निकिता देवांगन का अवकाश के संबंध में कोई आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है, उनका अवकाश स्वीकृत नहीं किया गया है। शिकायत मिली है जांच करवाता हूं।
- **डॉक्टर जीआर रावटे,** खंड चिकित्सा अधिकारी।

## छात्रों ने निकाली मतदाता जागरुकता रैली




**अंडा।** स्वर्गीय पुकेश्वर सिंह भारदीय शासकीय महाविद्यालय निकुम में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत केंपस एंबेसेडर एवं स्वयंसेवकों ने मतदाता रैली निकालकर तथा घर-घर जाकर ग्रामीण मतदातों को लोकसभा चुनाव में निष्पक्ष होकर, शत-प्रतिशत मतदान के लिए आग्रह किया। विद्यार्थियों ने रंगोली एवं पोस्टर बनाकर ग्रामीणों को मतदान के लिए प्रेरित किया। छात्रों ने स्वीप नोडल अधिकारी पूजा सोढ़ा एवं एनएसएस प्रभारी वेद प्रकाश ठाकुर के मार्गदर्शन में यह रैली संपन्न किया। प्राचार्य डॉ. डी. के. बैलेंद्र के मार्गदर्शन में युवाओं द्वारा राष्ट्र निर्माण में सहभागिता पर जोर दिया। महाविद्यालय की वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. सीमा जयसवाल ने छात्रों का मनोबल बढ़ाया। महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक अंजु रानी ठाकुर, अन्नपूर्णा यादव, डॉ. ओंकार प्रसाद चंद्रा, डॉ. शिप्पी देवांगन, जीवंतिका ठाकुर, कामता प्रसाद बंजारे, ओमप्रकाश, गोपाल पाली ने युवा स्वयं सेवकों की प्रशंसा की।

## खुले में दाह संस्कार करना मुंडरावासियों की मजबूरी

**गुण्डरदेही।** ग्राम पंचायत परसाही के आश्रित मुंडरा के ग्रामीण लंबे समय से श्मशान घाट में शेड निर्माण के लिए मांग करते आ रहे हैं, लेकिन आज तक उनकी मांगों को सुनने वाला कोई नहीं है।

- बरसात में तिरपाल के भरोसे करना पड़ता है अंतिम संस्कार

बरसते पानी हो या चिलचिलाती धूप में शव का दाह संस्कार खुले आसमान के नीचे करते हैं। मुक्ति धाम में पहले टिन शेड लगा था, मगर खराब हो गया, जो खुले में है,



सिर्फ लोहे की पाइप खड़ी है, वह भी जर्जर अवस्था में है, जिसकी मरम्मत नहीं होने से ग्रामीणों को हर मौसम में शव के अंतिम संस्कार के लिए जोखिम उठाना पड़ता है। खासकर बरसात के दिनों में शव का अंतिम संस्कार तिरपाल के भरोसे करना पड़ता है। इसके बावजूद भी गांव में स्थित श्मशान स्थल पर विकास कार्य नहीं होने से लोगों को शव के अंतिम संस्कार के दौरान परेशानी का सामना करना पड़ता है। ऐसे में मुक्तिधाम की दशा ही खराब हो तो गांव के अन्य विकास कार्यों की कैसे उम्मीद की जा सकती है। इस संबंध में सरपंच ज्योति देवांगन ने बताया कि मनरेगा से स्वीकृत हो जाएगा। इंजीनियर को अवगत करा दिया गया है। उन्होंने कहा कि 25 को ग्राम सभा की बैठक है, उसमें प्रस्ताव बनाकर देंगे।

## पेज 9 के शेष

### जिम्मेदारों की लापरवाही ....

अतिरिक्त घूम कर गांव जाना पड़ रहा है। उल्लेखनीय है कि ग्राम करियाटोला के समीप बारहमासी नाले में बड़े पुल का निर्माण किया जा रहा है। पुल की ऊंचाई अधिक होने के कारण टोवाल का निर्माण होना है। इसके साथ ही सड़क की ऊँचाई के लिये पत्थरयुक्त मिट्टी डाली जा रही है। सर्विस सड़क में भी मिट्टी डालने के कारण ही कुछ दिन पूर्व मिट्टीयुक्त मुरुम से भरा हाइवा सड़क के किनारे मिट्टी दबने के कारण दुकान के सामने पलट गया था। इससे दुकान पूरी तरह छतिग्रस्त हो गई। गनीमत रही कि दुकान बंद होने से जनहानि नहीं। यात्री बस सर्विस सड़क के किनारे जाते ही निर्मित सड़क से नीचे उतरकर मिट्टी में धंस गई, नहीं तो गम्भीर दुर्घटना हो सकती थी।

**संकेतक नहीं होने से परेशानी** : उधर, पुल निर्माण व सर्विस सड़क के पास संकेतक बोर्ड नहीं लगाने से भी वाहन चालक रात्रि में दिग्भ्रमित होकर सर्विस सड़क को छोड़कर निर्माणाधीन पुल के पास पहुंच जा रहे हैं। इससे हमेशा दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। ग्रामीणों ने संकेतक बोर्ड लगाने व सड़क में डाली जा रही मिट्टी को हटाकर मुरुम डलवाने की मांग शासन प्रशासन से की है। इस सम्बन्ध में राष्ट्रीय राज मार्ग 930 के अनुविभागीय अधिकारी से मोबाइल से सम्पर्क करने का प्रयास किया गया, किन्तु उनके द्वारा फोन रिसीव नहीं किया गया।

### एटीएम में तोड़फोड़ ...

रकम को चोरी करने का प्रयास किया गया था। जिस पर थाना अर्जुन्दा में अपराध कायम कर धारा 457, 380, 427, 511 के तहत मामले को विवेचना में लिया गया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक के द्वारा अज्ञात आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए थाना अर्जुन्दा एवं साइबर सेल से विशेष टीम गठित किया गया था। टीम द्वारा ग्राम कुरदी के एटीएम के आसपास जाकर घटना स्थल का बारीकी से जांच कर एटीएम में लगे सीसीटीवी फुटेज प्राप्त किया। इसमें आरोपियों द्वारा एटीएम में अपने चेहरे को गमछे से बांध कर आए थे, जिससे उन लोगों का चेहरा स्पष्ट नहीं दिख रहा था। टीम द्वारा तकनीकी साक्ष्य के आधार पर एवं घटना स्थल से आने जाने वाले रास्ते के सभी सीसीटीवी फुटेज प्राप्त कर उसका बारीकी से विश्लेषण कर टीम द्वारा लगातार अज्ञात आरोपियों के संबध में जानकारी प्राप्त कर प्रकरण के अज्ञात आरोपियों बर्मा मेस भक्तिनगर मोना रोड जमशेदपुर झारखण्ड निवासी सूरज कुमार देशमुख पिता राजू देशमुख 22 वर्ष, भाटापारा थनौद थाना पुलगांव जिला दुर्ग निवासी भूपेंद्र कुमार देशमुख पिता रिखीराम देशमुख 26 वर्ष, भाटापारा थनौद थाना पुलगांव जिला दुर्ग निवासी संजय कुमार ठाकुर पिता रामसिंह ठाकुर 24 वर्ष, अंजोरा कबीर चौक थाना सोमनी जिला राजनांदगांव निवासी विकास साहू पिता सुरेद्र साहू 22 वर्ष को थनौद जिला दुर्ग व जिला धमतरी से गिरफ्तार कर आरोपियों से पूछताछ की गई। अपने कथन में बताया कि सूरज कुमार देशमुख झारखण्ड से आकर पैसे मिलेंगे कहकर अपने 3 साथियों के साथ योजना बना कर अर्जुन्दा दाउपारा एसबीआई एटीएम व ग्राम कुरदी एटीएम मशीन तोड़फोड़ कर रुपए चोरी करने का प्रयास करना बताया है। आरोपियों के कब्जे से दो नग मोटरसायकल, हथौड़ी, पेचकस, पेंचिश, बरामद किया गया है, सभी आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
आयुष्मान भारत कार्ड द्वारा नि:शुल्क इलाज की सुविधा
डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा
Multi Para Monitors / Bubble CPAP
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था
State of the art NICU including care for Preterm, Term
वातानुकूलित बच्चों का वार्ड
Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
मो. 9981321524/7223011528
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)

एकता हॉस्पिटल एवं पैथालॉजी सेंटर
सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल धमतरी
बिजली ऑफिस, नहर के पास, रायपुर रोड धमतरी
मो : 7067576396, 8319272982
ESIC CARD सुविधा उपलब्ध
आईसीयू, एम्बुलेंस व डिजिटल एक्सरे सुविधाएं 24 घंटे उपलब्ध
डॉ. अभिषेक लॉज एम.एस. ऑर्थो (हड्डी रोग विशेषज्ञ)
डॉ. नरेश देवांगन एमबीबीएस, न्यूरो सर्जन (मस्तिष्क रोग विशेषज्ञ)
डॉ. गौरव त्रिपाठी कार्डियोलॉजिस्ट
डॉ. मुरारी वशानी डेंटल एवं मैक्सिलोफेशियल सर्जन
डॉ. यतीन देवांगन प्लास्टिक सर्जन
डॉ. उत्कर्ष नंदा एम.एस.सर्जन (जनरल सर्जन)
डॉ. एस.दास एमबीबीएस, एमडी (मैडीसिन विशेषज्ञ)
आयुष्मान भारत से इलाज की सुविधा उपलब्ध
डॉ.आकाश अग्रवाल यूरोलॉजी


SRU
SHRI RAWATPURA SARKAR UNIVERSITY
Approved & Recognized By :
13TH UNIVERSITY IN INDIA WITH "UGC12 (B)" STATUS
23rd YEARS OF EXCELLENCE
AAROHAN
SPORTS & CULTURAL FEST
29th Jan - 04th Feb, 2024
CASH PRIZES
UPTO
Rs. 3 LAKH
FREE ENTRY
100+ Competition Events For Students
SCAN QR CODE
FOR REGISTRATION
Contact : 9424227761, 9691018833, 9935001770, 9893131147
4TH FEB
SUNDAY
LIVE CONCERT
Bollywood Fame
PAWNI PANDEY
LIVE SHOW
(ENTRY FREE )
5:30 PM to 9:00 PM
VENUE : SHRI RAWATPURA SARKAR UNIVERSITY, NH. 30, POST MANA, NEW DHAMTARI ROAD, RAIPUR

## खबर संक्षेप



### मड़ियापार में एक हजार लोगों को रूद्राक्ष वितरित

**गुण्डरदेही।** अयोध्या के राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के अवसर पर सोमवार को ग्राम मड़ियापार में आशीष शुक्ला द्वारा गांव में एक हजार लोगों को रूद्राक्ष वितरण किया गया। आशीष शुक्ला ने बताया कि यह रुद्राक्ष को अभिमंत्रित कर वितरित किया गया।

### ओडारसकरी में निकली गई शोभायात्रा



**अंडा।** अयोध्या में श्री राम की प्राण-प्रतिष्ठा के अवसर पर ग्राम ओडारसकरी के ग्रामीणों ने भी जोरदार उत्सव मनाया गया। इस दौरान ग्राम में देवालय में विशेष पूजा-अर्चना कर कलशयात्रा निकाली गई और श्रद्धालुओं में महाप्रसादी का वितरण किया गया। बिहान समूह एवं ग्रामीणों के द्वारा सुबह 9 बजे से 1 बजे तक कलशयात्रा निकाली गई। मुक्त मानस मंडली के द्वारा रामायण का आयोजन 3 बजे से 5 बजे तक किया गया, फिर हवन-पूजन के बाद से भक्तों में महाप्रसादी का वितरण किया गया। यह जानकारी ग्राम समिति के अध्यक्ष सीएल देवांगन एवं सचिव टुमन देशमुख, वीएस मरकाम, अनिल सोनी के द्वारा दिया गया।

### गातापार में मनाई गई दिवाली



**जामगांव आर।** अयोध्या में भगवान राम प्राण प्रतिष्ठा अवसर पर गातापार में दिवाली मनाई गई। इस अवसर पर घर व मंदिर दीयों की रोशनी से जगमगा उठे। पीली पोशाक में ग्रामीणों ने भव्य कलश शोभायात्रा निकाली। लालेश्वर साहू, टेसराम साहू, देवेंद्र साहू ने बताया कि घर-घर में दीपमालिका भगवान राम के प्रतिष्ठित होने की संकेत देते हुए हर राम भक्त के मन को प्रसन्नता से सराबोर करती रही। वास्तव में भारत के इतिहास का 22 जनवरी 2024 स्वर्णिम दिवस अमिट हो गया।

### शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर 55 हजार का अर्थदंड

**बालोद।** शराब सेवन कर वाहन चलाने वाले 5 वाहन चालकों पर 185 मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। न्यायालय द्वारा पांचों वाहन चालकों पर 55000 रुपए का अर्थदण्ड लगाया गया। बालोद थाना क्षेत्र अंतर्गत हो रही दुर्घटना में कमी लाने के लिए शराब सेवन कर वाहन चलाने वाले चालकों के विरुद्ध विशेष मोटर विहक्ल के तहत अभियान चलाकर कार्रवाई कर न्यायालय में पेश किया गया।

## आयोजन : अयोध्या में श्रीराम प्रतिमा प्राण-प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में घर-घर मनाई गई दीपावली

# अंचल में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब, रोम-रोम से निकला जय श्री राम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

शहर के पांडे पारा में भगवान श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर महिला मंडल और बच्चों ने दंतेश्वरी मंदिर में सुंदर कांड और हनुमान चालीसा पाठ के साथ 9 कुंडीय गायत्री यज्ञ किया। प्रसाद के रूप में हलवा, पोहा और फल का वितरण किया गया। अयोध्या में आयोजित प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को प्रोजेक्टर के माध्यम से दिखाया गया।

नव गठित शंकर सुवन बालक बालिका मानस मंडली के बालिका सदस्यों को शक्ति मानस मंडली द्वारा रामायण और श्री फल से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में जितेंद्र निर्मलकर, पुष्पा यादव, दिलेश्वरी साहू, अमृत साहू, राही योगी, कांति योगी, सरिता, पुष्पांजलि, राधिका साहू और जय साहू और उनके सहयोगी साथियों का योगदान रहा, यज्ञ का संचालन आरपी यादव ने किया।

### पांडेपारा में हुआ गायत्री यज्ञ





### रजौली में निकाली शोभायात्रा सुंदरकांड का किया गया पाठ

**बालोद।** अयोध्या में प्रभु श्री राम लला की प्राण प्रतिष्ठा के पावन अवसर पर ग्राम रजौली में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम हनुमान मंदिर से सौभाग्यवती माताओं व कन्याओं ने भव्य कलशयात्रा निकाली। उसके बाद अयोध्या में जब प्रभु श्री राम लला का प्राण प्रतिष्ठा हो रही थी, उसी पुण्यबेला में ग्राम के प्रमुख मंदिर में विशेष पूजा अर्चना के साथ श्री सुन्दर कांड पाठ, हनुमान चालीसा व प्रभु श्री राम के 108 नाम का जाप किया गया। उसके बाद प्रसाद वितरण और महाभोग भंडारा का आयोजन समस्त ग्रामवासियों के लिए किया गया। शाम को घरों के सामने आकर्षक रंगोली सजाकर जमकर आतिशबाजी की गई। एक बार फिर साल की दूसरी दीपावली मनाई गई। कार्यक्रम को सफल बनाने में जिला पंचायत सदस्य पुष्पेंद्र चंद्राकर, बजरंग दल के सभी युवा, शीतला सेवा समिति, महिला सेवा समिति सभी मानस मण्डलियों के साथ समस्त ग्रामवासियों का विशेष सहयोग रहा।







### परसदा में निकली भव्य कलशयात्रा

**अंडा।** अयोध्याधाम में प्रभु श्रीराम के प्राण-प्रतिष्ठा के अवसर पर ग्राम परसदा में धूमधाम से उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर शीतला मंदिर में पूजा-अर्चना कर राम लक्ष्मण और सीता माता तथा हनुमान जी की को रथ में बिठा कर गांव में भ्रमण कराया गया। साथ ही साथ कलशयात्रा भी निकाला गया। इस आयोजन में संपूर्ण ग्रामीणों का सहयोग रहा। ग्राम सरपंच कुलदीप साहू,



उपसरपंच राहुल शर्मा, योगेश हिरवानी, यशवंत साहू,विनोद साहू, घनश्याम साहू, मिलेश्वर साहू, अजय हिरवानी ,कमलेश साहू, सहित सभी पंच व सभी युवा व महिला समूह के सभी शामिल रहे कलशयात्रा का समापन शीतल मंदिर तालाब पर हुआ। श्रीराम जी की आरती, हनुमान चालीसा का सामूहिक रूप से पाठ किया गया। इस अवसर पर 12 से 3 बजे तक भंडारा की व्यवस्था मनीष साहू के ओर से तथा शाम को 7 से 9 बजे तक भंडारा की व्यवस्था ओमप्रकाश साव की ओर से किया गया। आतिशबाजी में सहयोग किशोर साहू व योगेश हिरवानी का रहा।

## राममय हुआ संबलपुर का वातावरण



**डौंडीलोहारा।** अयोध्या में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर ग्राम संबलपुर भी राममय हो गया। उत्सव समारोह में पूरे गांव वाले एक ही स्थान पर एक साथ कौशल्या भंडारा में भोजन प्रसादी ग्रहण किया। करीब 300 माता बहनों ने अपने सिर पर कलश लेकर हजारों लोगों ने श्री राम के जयघोष के साथ शोभायात्रा निकाली। राम रथ यात्रा के साथ राम, लक्ष्मण, सीता, हनुमान जी के वेश में कलाकारों ने इस यात्रा की रौनक बढ़ा दी। जगह-जगह राम रथ का स्वागत सत्कार उत्साह के साथ किया गया। इस अवसर पर शिवकृपा परिवार के भजनों से लोग झूमते नाचते रहे। रात्रि में पंडवानी कार्यक्रम हुआ। इस आयोजन में प्रमुख रूप से राम उत्सव समिति के ओमप्रकाश पटेल, उमेश पटेल, कुमार उर्वसा ,देवराज रात्रे .तोमन लटिया ,डोमन यादव ,नवीन शर्मा दीपक शर्मा , टेकराम निषाद, राजेश पटेल ,तरुण जैन , माधव गिरी,दुष्यंत गिरी, उमा ठाकुर , देवलाल पटेल, घुनारू निषाद, बहुर उर्वशा, प्रकाश जैन,कौशल शर्मा सहित सभी सदस्यों और ग्रामवासियों की सक्रियता रही। मंच संचालन विरेंद्र अजनबी ने किया।

## भजन-कीर्तन से राममय हुआ गोरकापार



**गुण्डरदेही।** अयोध्या के राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर सोमवार को ग्राम पंचायत गोरकापार के ग्रामीणों ने गांव के पुराने राधा कृष्ण मंदिर में सुबह से ही राम भक्त राम की आराधना पूजा करते हुए नजर आए। राधा कृष्ण मंदिर में सुबह से ही लोग पूजा पाठ करने के लिए पहुंचे, मंदिरों को रंगोली और दीप व लाइट से सजाया गया था व रात्रि में भजन–कीर्तन व गीत संगीत का आयोजन भी किया गया था। सोमवार को सुबह से ही ग्रामीणों ने हवन पूजा अर्चना कर प्रसाद वितरण किया गया। इससे पहले ग्रामीणों ने कलश यात्रा निकाली। यात्रा में बाजे–गाजे के साथ राऊत नाचा व गांव की चार युवतियां भगवान श्रीराम माता सीता लक्ष्मण व हनुमान का रूप बनाकर शोभायात्रा में आगे–आगे चल रही थीं। ग्रामीणों ने जगह-जगह आरती उतारकर उनका स्वागत किया। कार्यक्रम में पूर्व जिला भाजपा महामंत्री इन्द्रपाल चन्द्राकर, शीतल चन्द्राकर, मोंटू चन्द्राकर, हरिश्चन्द्र साहू, शोभा साहू, विदेशी साहू, बोधनी चन्द्राकर, सोनित साहू, हुबलाल साहू, महेश चन्द्राकर, संजु चन्द्राकर, मनोज चन्द्राकर सहित अन्य ग्रामवासी उपस्थित थे।



### अंडी में रामोत्सव पर दिखा उत्साह







**डौंडीलोहारा।** अयोध्या में श्रीराम लला की प्राण प्रतिष्ठा के शुभअवसर पर ग्राम अंडी में योग संयोग सिया के राम मानस परिवार एवं समस्त ग्रामवासियों ने श्री राम जी की अदभुत झांकियों, राऊत नाचा व भव्य कलश यात्रा के साथ पूरे गांव का भ्रमण किया। भ्रमण के बाद पूरे गांव में एक साथ एक जगह महाआरती भी की गई । दोपहर 1 बजे से रात्रि 12 बजे तक अनेक ख्याति प्राप्त मानस मंडली वंदना मानस परिवार कोसागोंदी, स्वर धारा मानस परिवार तुलसीपुर राजनांदगांव और जय गुरुदेव हरि कीर्तन टीकम शरण गरियाबंद छुरा के भजन कीर्तन के साथ महाप्रसादी वितरण किया गया। इस अवसर पर गांव के सभी सनातन हिन्दू समाज द्वारा एकजुटता का परिचय देते हुए हिंदू धर्म के विशालता का परिचय दिया, ग्राम की सरपंच हिरई बाई, संत राम ठाकुर, रामकिशुन शर्मा, ग्राम प्रमुख चंदराम ठाकुर, पी आर साहू,रत्ति सिन्हा, भाव यादव, माखन सेन,मेनन अटल, योग संयोग के सभी सदस्य योगाचार्य तीरथ अटल, रिवेन्द्र पटेल,शांता अटल,ऋषभ पटेल,वैष्णव साहू,केशरीनंदन, पूनम साहू ,प्यारे सिन्हा,डोमेश्वर साहू,कोशलेश अटल,ओमेश अटल,भागीरथी साहू और समस्त ग्रामवासी का विशेष योगदान रहा।

## संबलपुर में निकाली गई भव्य शोभायात्रा



**डौंडीलोहारा।** समीपस्थ ग्राम संबलपुर में श्री रामोत्सव पर्व का आयोजन अयोध्या में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर नन्हा बाल गणेश उत्सव समिति साहू पारा संबलपुर द्वारा शोभायात्रा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अतिथि के रूप में जिला मंत्री भाजपा जयेश ठाकुर, जिला कार्यकारणी सदस्य भाजपा तथा सांसद प्रतिनिधि एवम मंडल महामंत्री भाजपा संदीप जैन उपस्थित रहे। भगवान श्री राम की पूजा-अर्चना के बाद अतिथियों ने सामाजिक समरसता के आयोजनों को भविष्य में भी लगातार किये जाने की बात कही। शोभायात्रा में ग्राम के बच्चे, बूढ़े तथा जवान सभी हर्षोल्लास के साथ उपस्थित होकर अपनी-अपनी सहभागिता निभा रहे थे। विशेष तौर पर बुजुर्ग माताओं में इस अवसर पर भारी खुशी का माहौल देखा गया। बुजुर्ग माताओं ने शोभायात्रा के दौरान डांस कर अपने खुशी का इजहार किया। भगवान रामलला के पर्व की खुशी पूरे ग्राम में देखते बन रही थी। ग्रामीणजन हर्षोल्लास के साथ पूरे कार्यक्रम के दौरान गगनभेदी नारों के साथ भगवान रामलला की जयकारा लगाते रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में नन्हा बाल गणेश उत्सव समिति साहूपारा के प्रिंस शर्मा, राजेश साहू, तरुण जैन, विराट साहू, विक्की साहू, शुभम शर्मा, हर्ष ठाकुर, तमेश साहू,इंद्रजीत साहू,योगेंद्र साहू, शीतल साहू,राहुल साहू , दिव्यांशु उर्वशा, अनुराग ठाकुर,अनुराग साहू, प्रियांशु साहू, अभिषेक जैन, वीर उर्वशा, नेहरू साहू, राजा तुरातूरिया, पप्पू साहू तथा इकेश पटेल सहित अन्य युवाओं का सक्रिय योगदान रहा।

### ठेकवाडीह में हुआ सुंदरकांड पाठ व भंडारा



**गुरूर।** ग्राम ठेकवाडीह में 22 जनवरी को अयोध्या में श्री राम मंदिर में भगवान रामचंद्र की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर पूरा गांव राम मय हो गया। ग्राम में शोभायात्रा निकाली गई व रामायण सुंदर कांड पाठ के साथ भंडारा का आयोजन किया गया। पूरे गांव में हर घर पांच-पांच दीपक प्रज्वलित कर दीपोत्सव मनाया गया। घरों के आंगन में बच्चों व महिलाओं द्वारा रंगोली सजाई गई थी। शाम को रामायण का श्रवण पान कर छोटे बच्चों, युवाओं, बुजुर्ग, महिलाएं सहित डीजे के धुन में भगवान श्री रामचंद्र की जयकारों के साथ नाचते झूमते शोभायात्रा निकाली गई। छोटे बच्चों द्वारा भगवान श्री रामचंद्र, माता सीता, लक्ष्मण व हनुमान जी की वेशभूषा धारण किए रथ में बैठाकर भ्रमण किया गया। माताओं ने आरती सजाकर पूजा अर्चना की।इस अवसर पर ग्राम के वरिष्ठ नोहर साहू, मदन मोहन साहू, रामसहाय साहू, भिखू साहू, केशव सुपेत, सुग्रीव साहू, पूर्णोत्तम साहू, दुष्यंत कुमार साहू, प्रवीण साहू, गिरधारी साहू, ईश्वर साहू, बृजराज साहू, दुलार साहू, दीपक साहू, जगमोहन साहू सहित समस्त ग्राम वासियों का सहयोग रहा। भंडारा का आयोजन अयोध्या में रामलाल के प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर ग्राम के वरिष्ठ ईश्वर साहू द्वारा समस्त ग्राम वासियों के लिए भंडारे की व्यवस्था की गई थी।

### राम मंदिर में हवन-पूजन कर बांटी गई महाप्रसादी



**गुण्डरदेही।** भाजपा मंडल गुण्डरदेही व नगरवासियों द्वारा सोमवार को श्री राम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के अवसर पर गुण्डरदेही नगर के ऐतिहासिक राम मंदिर में हवन, पूजा आरती व महाप्रसादी का आयोजन किया गया था। इस महोत्सव को लेकर पूरे मंदिर परिसर को भगवा रंग से सजाया गया था, इस बड़े मंदिर में सुबह ही भीड़ जुटना शुरू हो गया था, राम भक्तों के लिए टीवी स्क्रीन में अयोध्या का लाइव प्रसारण भी दिखाया गया। मंदिर प्रांगण में सुबह दस बजे से हवन पूजा पाठ व महा प्रसादी का आयोजन किया गया था। शाम को भजन–कीर्तन व गीत संगीत राम भक्तों द्वारा किया गया। इस अवसर पर बच्चों को चरण पादुका पहनाया गया। इस अवसर पर सौरभ चोपड़ा, हरीश निषाद, शंकर यादव, टीकाराम निषाद, विजय सोनकर, दयाराम सिन्हा, मुकेश साहू, सतीश महोबिया, सोहन सोनी, उपेन्द्र साहू, रवि मानिकपुरी, शेखर यादव, सुरज यादव, भानु साहू, देवा सोनकर, कुलेश्वर साहू, छगन साहू, लालवीर राजपूत, दर्शन जैन, विकास महोबिया सहित अन्य राम भक्त व बड़ी संख्या मे आसपास के ग्रामीण व नगरवासी शामिल हुए।

### राम के रंग में रंगे खलारीवासी






**गुण्डरदेही।** 22 जनवरी को जहां एक ओर पूरे भारत देश में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा का सुंदर आयोजन किया गया, ठीक उसी तर्ज पर खलारी उत्सव के आयोजन के अवसर पर दो दिवसीय मानस गान प्रतियोगिता एवं तृतीय दिवस 22 जनवरी को रामलला विशेष प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम रखा गया। इस अवसर पर विशाल भव्य कलश यात्रा निकाली गई। इसके साथ ही विशेष भक्ति संगीत की प्रस्तुति दी गई। साथ ही ग्राम मड़ई का आयोजन भी 22 जनवरी को रखा गया था। इस कार्यक्रम में रात्रिकालीन लोकोत्सव में विशेष अतिथि छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध बांसुरी वादक एवं संगीतकार ओपी देवांगन सम्मिलित हुए। छत्तीसगढ़ कला जगत से जुड़े हुए वरिष्ठ कलाकारों की टीम तिलक राजा साहू कृत लोकधारा रायपुर की रात्रि कालीन प्रस्तुति हुई। कार्यक्रम का समापन कांकेर लोकसभा सांसद मोहन मंडावी के मुख्य आतिथ्य में हुआ। खलारी उत्सव के सुन्दर मंच और संस्कृति की तर्ज पर सजे पंडाल ने लोगों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया। इस सफल और वृहद आयोजन से खलारी उत्सव समिति के युवाओं ने गुण्डरदेही अंचल को एक नया संदेश दिया।

## धमना में निकाली गई शोभायात्रा



**जामगांव आर।** ग्राम धमना में भगवान श्रीराम चंद्र के अयोध्या धाम में प्राण-प्रतिष्ठा कार्यकम को पूरे धूमधाम से दिवाली की तरह मनाया गया। शोभायात्रा निकालकर पूरे ग्राम का भ्रमण किया गया।

माताओं ने सिर पर कलश धारण कर शोभायात्रा निकाली। इस दौरान समस्त भक्तजनों ने प्रभु श्री रामचंद्र का भजन करते हुए गलियों का भ्रमण किया। फिर मंदिर में भजन कीर्तन करते हुए आरती की गई। युवाओं की टोली ने शाम को ग्राम के सभी देवी-देवताओं को दीप दान कर दीपावली मनाई। कार्यक्रम को सफल बनाने में समाज सेवी ढाल सिंह साहू, प्रेम शंकर, भुवन लाल कान्हा, सत्यम, चुम्मन लाल, अंकालू राम, जोगीराम, छत्रपाल, सोनू राम, कोमल, युवराज, चौनु राम, तीरथ राम, वासुदेव, देव कुमार साहू साथ ही गांव की समस्त माताओं का एवं ग्रामवासियों का विशेष सहयोग रहा।







